CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:29 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:02 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 253 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 4 अप्रैल 2026



सुहागन बनाकर विदा करना'...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### लखीमपुर खीरी में 108 सिलिंडर चोरी

लखीमपुरी। एलपीजी की किल्लत के बीच लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। यहां चोरों ने गैस एजेंसी के गोदाम की दीवार काटकर 108 सिलिंडर चोरी कर लिए। शनिवार सुबह जब कर्मचारी गोदाम पर पहुंचे तो सिलिंडर गायब देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में शुक्रवार रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने करुणा गैस एजेंसी के गोदाम को निशाना बनाया और यहां से 108 एलपीजी सिलिंडर पार कर दिए। गैस एजेंसी संचालक ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। गांव राजापुर बेनी मोहम्मदी निवासी अमिष सिंह की पत्नी करुणा सिंह के नाम से मोहल्ला सिंघहिया दुधवा रोड स्थित गैस एजेंसी है, जिसका गोदाम मकनपुर रोड पर स्थित है। शुक्रवार की रात चोरों ने गोदाम को निशाना बनाया और दीवार तो ?कर अंदर घुस गए। एजेंसी संचालक के मुताबिक चोरी हुए सिलिंडरों में 98 भरे हुए और 10 खाली थे।

### सीएम योगी ने बाबा विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के किए दर्शन

वाराणसी। सीएम योगी शनिवार की सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के दर्शन किए। इसके बाद बाबा कालभैरव के दर्शन किए। इसके बाद सीएम ने काशी से ही पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बाबा विश्वनाथ व 'काशी कोतवाल' काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलकर आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बात की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

## आप में अंदरूनी घमासान, सांसद संजय सिंह ने दिया स्पष्ट जवाब

आगरा
एजेंसी

आगरा में जनसभा के दौरान संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल और बेहतर सुविधाओं के लिए आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की अपील की।

प्रदेश नफरत की आग में जल रहा है। प्रधानमंत्री यूपी आते हैं तो उन्हें गांव-गांव कब्रिस्तान दिखाई देते है। भाजपा को रोजगार, शिक्षा, अस्पताल, स्कूल, सड़क बनाने की चिंता नहीं, गांव-गांव श्मशान बनाने की चिंता है। प्रदेश के लोगों को यदि शांतिपूर्ण माहौल चाहिए तो आप की सरकार बनाएं। ये बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक से रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के शुभारंभ के बाद किदवई पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा भाजपा का दूसरा नाम भारतीय झगड़ा पार्टी है। इनकी नीति है झगड़ा कराओ राज करो। धर्म और जाति के नाम पर लड़ाओ। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों को समय से खाद तक नहीं मिल रही है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश में नफरत फैलाने के लिए लोगों की कपड़ों से पहचान हो जाती है।



यूएई, कतर, बहरीन और अन्य मुस्लिम देशों से सारी गैस और तेल आ रहा है। नफरती लोग इस गैस से खाना न पकाएं। कहा कि दिल्ली जैसी बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था चाहिए तो आप की सरकार चुनो। योगी सरकार युवाओं को रोजगार दे और रोजगार नहीं दे सकती तो 10 हजार रुपये प्रतिमाह रोजगार भत्ता दे। इसके लिए दो घंटे सरकारी कार्यालयों में काम करा लिया जाए। संजय सिंह ने कहा कि देश में ऊर्जा संकट और गैस की किल्लत है। लोग लाइन में लगे हैं। यह सरकार की विदेश नीति की नाकामी के कारण है। प्रधानमंत्री खुद ही कहते हैं कि कोरोना जैसे हालात है। इस दौरान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ हृदेश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत, विधायक विशेष रवि, सुरेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कपिल बाजपेई, महानगर अध्यक्ष दिलीप बंसल व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एक पायलट लापता, पायलट पर ईरान ने रखा इनाम

## जंग: यूएस को झटका, दो लड़ाकू विमान-हेलीकॉप्टर बने निशाना

नई दिल्ली
एजेंसी

पश्चिम एशिया में छिड़ा संघर्ष हर बदलते दिन के साथ तेज होता जा रहा है। तनाव कम करने की कोशिशें भी अभी तक असफल ही रही हैं। वहीं, अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराने और एक पायलट के लापता होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। अगर लापता पायलट ईरान के हाथ लग जाता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की चिंताएं बढ़ जाएंगी।

ईरान के साथ करीब पांच सप्ताह से चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिका को बड़ा झटका लगा है। एक ही दिन में ईरान द्वारा दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों के गिराए जाने की घटना ने पश्चिम एशिया में संकट को और गहरा दिया है।

इ न घटनाओं के बाद एक लापता अमेरिकी पायलट की खोज तेज कर दी गई है, जो दुश्मन क्षेत्र में छिपा हुआ बताया जा रहा है। यह घटनाक्रम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों के उलट है कि यूएस का ईरान के आसमान पर



कब्जा हो गया है। ईरानी सेना ने एक अमेरिकी एफ-15 ई लड़ाकू जेट को गोलाबारी में मार गिराया। दो पायलट वाले इस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि दोनों देशों के अधिकारियों ने की है। घटना के बाद एक पायलट को बचा लिया गया है, जबकि दूसरा अभी भी लापता है। दूसरे पायलट की तलाश की जा रही है। इसी दिन एक अलग घटना में एक अमेरिकी ए-10 वारथोग अटैक एयरक्राफ्ट कुवैत के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, विमान के पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और उसे बाद में बचा लिया गया। एक के बाद एक हुई इन दो घटनाओं ने संघर्ष की शुरुआत के बाद अमेरिकी वायु सेना को लगे सबसे बड़े झटकों में से एक को बना दिया है।

बचाव मिशन पर भी हमला

एफ-15 ई लड़ाकू विमान के लापता पायलट का पता लगाने के प्रयास बेहद खतरनाक साबित हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खोज और बचाव मिशन के लिए ईरानी क्षेत्र में घुसे दो अमेरिकी ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों पर भी गोलाबारी हुई।

## पंचायत घर चौराहे पर दर्दनाक हादसा: डंपर ने स्कूटी सवार डिलीवरी बॉय को कुचला, पैर हुआ फैक्चर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के पंचायत घर चौराहे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजनों में आक्रोश और चिंता का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हरिपुर लालमंडी निवासी कुलदीप सिंह (31 वर्ष), जो वर्तमान में एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत हैं, वह अपनी स्कूटी (संख्या यू के04 ए क्यु 8317) से आर टी ओ रोड की ओर से अपने घर लौट रहे थे। तभी पंचायत घर चौराहे से आर टी ओ रोड की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार डंपर संख्या यू के04 सीए 6309 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कुलदीप की स्कूटी को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ, जब डंपर का अगला टायर कुलदीप के दाहिने पैर के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनका पैर बुरी तरह कुचल गया और गंभीर फैक्चर हो गया।



घायल कुलदीप को तुरंत निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है, लेकिन चोट गंभीर है।

घटना के संबंध में कुलदीप के पिता त्रिलोक सिंह रौतेला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बेटे के इलाज में व्यस्त होने के कारण वे पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। अब उन्होंने पुलिस से डंपर चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## हादसा: कुएं में कार गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत, मृतकों में छह बच्चे शामिल

मुंबई
एजेंसी

महाराष्ट्र के नासिक के डिंडोरी इलाके में एक कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह बच्चे शामिल हैं। हादसा उस समय हुआ जब परिवार समारोह से लौट रहा था।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में शुक्रवार रात एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में छह बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। परिवार के सभी सदस्य एक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर पास के एक कुएं में जा गिरी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं।

राहत-बचाव अभियान के तहत दो क्रेन और तैराकों की मदद से आधी रात के आसपास कार और उसमें सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक डिंडोरी तालुका के इंदोरे गांव निवासी दरगुड़े परिवार के सदस्य थे। म

## सेंचुरी पल्प-पेपर व पंतनगर कृषि विवि के बीच पौधरोपण हेतु समझौता

लालकुआं
हमारे संवाददाता

पर्यावरण संरक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेंचुरी पल्प एवं पेपर तथा गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के मध्य दिनांक 31 मार्च 2026 को 200 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण के लिए एक दीर्घकालिक समझौता हस्तांतरित किया गया। यह समझौता सेंचुरी मिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय कुमार गुप्ता एवं विश्वविद्यालय के उप नियंत्रक फार्म श्री सत्य प्रकाश कुरील के मध्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य महाप्रबंधक डॉ0 टी0 पी0 सिंह एवं महाप्रबंधक डॉ0 आशुतोष सिंह के साथ-साथ सेंचुरी मिल के मुख्य वित्त अधिकारी श्री महेन्द्र कुमार हरित, उपाध्यक्ष श्री नरेश चन्द्रा, श्री अमित गंगवाल तथा श्री रवि प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि सेंचुरी मिल एवं विश्वविद्यालय का यह संयुक्त प्रयास कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ हरित आवरण बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया। उपाध्यक्ष नरेश चन्द्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेंचुरी मिल द्वारा वर्ष 2025ङ्क26 में कुल 2.22 करोड़ वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया है। साथ ही यूकेलिप्टिस के क्लोन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नया मिस्ट चैम्बर भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए 2.50 करोड़ वृक्षारोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करने के लिए मिल प्रतिबद्ध है। इस समझौते को क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक विकास तथा कृषि आधारित सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# शराब बंदी हेतु को लेकर आंदोलन जारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती मंगोली व बजून क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकान के खिलाफ ग्रामीणों का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। शुक्रवार को आंदोलन के छठे दिन में प्रवेश कर गया जहां महिलाओं का अनशन जारी रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उनके समर्थन में जुटे रहे। बजून में अधौड़ा की ग्राम प्रधान प्रेमा मेहरा और मंगोली में खमारी की हेमलता ध्यानी के साथ अब जलाल गांव के ग्राम प्रधान खुशाल भी अनशन पर बैठ गए हैं। उनके समर्थन में शुक्रवार को बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट भी मौके पर पहुंचे और महिलाओं के आंदोलन को समर्थन दिया।महिलाओं और ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रशासन की ओर से शराब की दुकानों को हटाने के लिखित आदेश जारी नहीं किए जाते तब तक उनका अनशन और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं शुक्रवार को भी महिलाओं ने पोस्टर और स्लोगन के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के बीच शराब की दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ेगा और इसका सबसे अधिक असर युवाओं पर पड़ेगा। प्रदर्शन में प्रेमा मेहरा, कीर्ति आर्या, नीमा कनवाल, चंद्रकला, पुष्पा कनवाल,हेमलता ध्यानी, खुशाल, गौरव गोस्वामी, जीवन सिंह नेगी, दर्शन कनवाल समेत बड़ी संखया में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।





# जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मंजरी ने किया डीएसबी का दौरा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल की पूर्व छात्रा तथा वर्तमान में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया देहरादून की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मंजरी जोशी ने डीएसबी परिसर के साथ परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग का दौरा किया तथा विद्यार्थी जीवन की यादों को ताजा किया।

इस दौरान डॉ मंजरी ने बोटेनिकल गार्डन हाइड्रोपोनिकस भी देखा । विभाग की तरफ से उन्हें पौधों का फ्लायर भेंट किया गया । डॉ मंजरी ने भूगर्भ विभाग से पीएचडी पूर्ण की तथा जीएसआई में सफलता प्राप्त की । परिसर में डॉ मंजरी ने एलुमनी सेल के महासचिव प्रो. ललित तिवारी से मुलाकात की । डॉ मंजरी के पति भी डी एस बी के छात्र रहे हैं तथा वर्तमान में यूपीईएस देहरादून में जियोलॉजी विभाग मर कार्यरत हैं । इस दौरान प्रो. सुषमा टमटा , प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ नवीन पांडे तथा विशाल,लता तथा वसुंधर आदि उपस्थित रहे।

# हिंदी रंगमंच दिवसः प्रयोगांक नैनीताल ने किया बाबा के नाटक अंतिम युद्ध का पाठ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर नैनीताल के रंगकर्मियों के द्वारा एच0एस0 राणा (बाबा) द्वारा लिखित उनके नये नाटक अंतिम युद्ध का पाठ किया।

बता दें प्रयोगांक नैनीताल के द्वारा हिंदी रंगमंच दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत नैनीताल के कलाप्रेमियों द्वारा एच0एस0 राणा बाबा द्वारा लिखित उनके नये नाटक अँतिम युद्ध का पाठ किया गया।ये नाटक युद्ध की कुरुपता व उसके विभत्स स्वरुप को दिखाता है, ये नाटक उनके द्वारा सन् 1978 में लिखे गये नाटक चौराहे का मसीहा का ही विस्तारित रुप है जिसका मंचन तब अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता नैनीताल में किया गया था इसमें अन्य कलाकारों के साथ भारतीय सिनेमा के अभिनेता स्व0 श्री निर्मल पांडे व उनके बड़े भाई मिथिलेश पांडे ने भी अभिनय किया था।

इस अवसर पर मिथिलेश पांडे, एच एस राणा, डी के शर्मा, मुकेश धस्माना, मनोज साह, मदन मेहरा, राजेश आर्या तथा उमेश कांडपाल आदि ने अपने अपने विचार प्रस्तुति किये।



## NEWS / फटाफट

### मेहता के पुरुस्कार हेतु चयनित होने पर जताई खुशी

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता को शैलेश मटियानी पुरस्कार के लिए चयनित होने पर खुशी व्यक्त की है तथा मेहता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । कूटा के मुताबिक मेहता समर्पित शिक्षक तथा विद्यार्थियों से विशेष स्नेह रखते हैं जिससे वह कुशल विद्यार्थी बन सके। कूटा के तरफ से प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

### गुड फ्राइडे पर गिरिजाघरों में सुनाए ईसा मसीह के दिए प्रवचन





**नैनीताल।** गुड फ्राइडे पर ईसाई समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को नैनीताल के मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की। इस मौके पर पादरी अजय हैरीसन ने ईशा मसीह द्वारा दिए प्रवचनों को सुनाया। इस अवसर पर विश्व शांति की कामना की गई। पादरी अजय हैरीसन ने बताया कि ईशा मसीह ने मानव उत्थान के लिए खुद सूली पर चढ़ गए थे, इस दौरान मानव कल्याण को लेकर सात उपदेश दे गए थे। जिस बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि दो हजार वर्ष पहले येरुशलेम में शुक्रवार को रोमन शासकों ने ईसा मसीह को गिरफ्तार किया और उनपर मुकदमा चलाकर और क्रूस पर चढ़ाकर मार डाला था। ईसा मसीह ने सारे मानव जाति के पापों का प्रायश्चित करने के लिए खुद का बलिदान दिया था। उनकी मृत्यु के बाद ही मानवता को पापों से मुक्ति मिली थी। जिस कारण इस दिन को गुड फ्राइडे यानी पापों से मुक्ति दिलाने वाला पवित्र दिन माना जाता है। सनवाल स्कूल के प्रबंधक गौरव सनवाल, एरिग मैसी, सैफाली दास, संध्या ग्रीनवुड, सुशील डेविड, रीटा सनवाल तथा राजकुमारी दास समेत सैलानी मौजूद रहे।

### नैनीताल में वाहनों की अधिकता से बढ़ी फजीहत

**नैनीताल ।** नगर में शुक्रवार को सड़कों पर ऐसा नजारा देखने को मिला मानो सड़कें नहीं बल्कि पार्किंग स्थल हों। बढ़ती भीड़ और सड़क किनारे खड़े वाहनों ने शहर की यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी। तल्लीताल क्षेत्र में जेल गेट से नेशनल होटल तक सड़क किनारे खड़े वाहनों ने हालात बिगाड़ दिए। यहां हर कुछ मिनट में जाम लग रहा था। डांठ तथा टोल चुंगी और मॉलरोड जैसे व्यस्त इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिली जहां सड़क किनारे पार्किंग ने यातायात को रेंगने पर मजबूर कर दिया वहीं तल्लीताल टैकसी स्टैंड के पास टैकसियों में सवारी भरने का सिलसिला हर घंटे जाम का कारण बनता रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं हैए लेकिन जिमेदारों की नजरें शायद अब तक वहां नहीं पहुंची हैं। पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटाया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्थित बना रहे।

### नाव चालकों व पर्यटकों के बीच विवाद का मामला वायरल

**नैनीताल ।** नगर की मॉलरोड पर बीरवार की देर शाम नाव चालकों और पर्यटकों के बीच विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार मॉलरोड क्षेत्र में पैसों के लेन देन को लेकर नाव चालकों और पर्यटकों के बीच कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि नाव चालकों ने पर्यटकों को मॉलरोड पर दौड़ा -दौड़ा कर पीटा जिससे मौके पर अफ रा-तफ री का माहौल बन गया। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने बीच.बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मामले की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिससे पर्यटन नगरी की छवि पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और पूछताछ के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# मेहता बने उक्रांद कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के मंडलीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी और डीडीहाट विधानसभा से प्रत्याशी दिनेश गुरुरानी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पूर्व में उद्यान विभाग में कार्यरत व उत्तराखंड कर्मचारी शिक्षक संगठन के पूर्व प्रदेश महामंत्री, उद्यान तकनीकी कर्मचारी संघ के जनपद अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष तथा जिला ट्रेड यूनियन समन्वय समिति व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के विभिन्न पदों में रहे राज्य आंदोलन में अग्रिम पंक्ति में रहकर राज्य की लड़ाई लड़ने वाले हयात सिंह मेहता को उत्तराखंड क्रांति दल कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ का कुमाऊँ मंडल का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नामित किया गया है। गुरुरानी ने कहा कि मेहता के संगठन में शामिल होने से उत्तराखंड



क्रांति दल व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ मजबूत होगा तथा उनके अनुभवों का लाभ भी संगठन व दल को मिलेगा,दूसरी ओर हयात सिंह मेहता ने कहा कि उन्होंने पूर्व में विभाग के लिए व संगठन के लिए पूर्ण मनोयोग से काम किया था और अब वह दल व संगठन में भी पूर्ण मनोयोग से काम करते हुए अन्य सेवानिवृत कर्मचारीयों व सहयोगियों को भी संगठन से जोड़ेंगे।

मेहता के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर दल के शीर्ष नेता काशी सिंह ऐरी ,संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी, जनार्दन उप्रेती,राम सिंह, महामंत्री नीरज जोशी सहित दल की केंद्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयों ने बधाई दी है। दूसरी ओर गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान 627वें दिन जारी रहा।

# संगमचट्टी-अगोड़ा मोटर मार्ग पर यूटिलिटी खेतों में गिरी, चार घायल

**उत्तरकाशी।** संगमचट्टी-अगोड़ा मोटर मार्ग पर गजोली गांव के समीप निर्माण सामग्री से भरा यूटिलिटी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से खेतों में जा गिरा। घटना में वाहन में सवार चालक सहित चार लोगों को हल्की चोटें आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चारों लोगों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर वाहन पेड़ों नहीं टकराता तो बड़ी दुघर्टना हो सकती थी। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को एक यूटिलिटी वाहन निर्माण साम्रगी लेकर गजोली की ओर जा रहा था। गजोली गांव से कुछ दूरी पहले ही वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेतों में जा गिरा। उसमें चार लोग सवार थे। उन्हें सामान्य चोट आई है। मौके पर पहुंचे लोगों ने वाहन में सवार लोगों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस का सघन अभियान, 52 स्थानों पर चेकिंग

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार जनपद नैनीताल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन प्रहार के तहत व्यापक सघन अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान डॉ0 मंजूनाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित हो रहा है, जबकि श्री मनोज कुमार कत्याल, पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी को इसका नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं पुलिस टीमों को सक्रिय करते हुए व्यापक स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत वांछित अपराधियों, वारंटियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई, होटल-ढाबों की सघन चेकिंग, रैश ड्राइविंग एवं बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई, अवैध शराब व हथियारों के खिलाफ अभियान तथा संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है।

**52 स्थानों पर चेकिंग की गई:** 45 बार/होटल/रेस्टोरेंट पर निरीक्षण किया गया। 65 बॉर्डर/बैरीयर प्वाइंट्स पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। 84 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 08 चालान किए गए एवं 02 वाहन सीज किए गए। पुलिस एक्ट की धारा 81 के अंतर्गत 24 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# अभिमत

## मिठास से दूरी

*चीनी मिल प्रबंधन और गन्ना आयुक्त ने उत्पादन कम होने के जो कारण बताये हैं, वह सही हैं। इसके साथ ही मुख्य कारण किसानों का खेती से मोहभंग होना है। तराई के बड़े किसानों ने होटल, रिसाट्र्स, बैंक्वेट हाल, उद्योग आदि के लिए खेती की जमीन का उपयोग शुरू कर दिया है। करीब तीन दशक पूर्व होली के बाद भी खेत में गन्ना खड़ा होता था और किसान चीनी मिलों से पेराई सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते थे।*

उत्तराखंड का तराई क्षेत्र कृषि के लिए उत्तम रहा है। तराई को रोटियों की डलिया कहा जाता है। पृथक उत्तराखंड राज्य बनने से पहले तराई आर्थिक रूप से संपन्न था, जबकि पृथक राज्य का आंदोलन पर्वतीय क्षेत्र के पिछड़ा होने के कारण किया गया और तराई व पर्वतीय क्षेत्र को मिलाकर अलग प्रदेश बना दिया गया। राज्य का गठन होने पर उद्योगों की स्थापना से तराई के लोगों की अर्थव्यवस्था में और अधिक सुधार हुआ। कृषि प्रधान क्षेत्र होने से तराई में कई चीनी मिलें थीं। उद्योगों के लिए भूमि अधिग्रहण से गन्ने का उत्पादन प्रभावित हुआ और कई चीनी मिलें बंद हो गईं। वर्तमान में संचालित चीनी मिलों में चीनी का उत्पादन कम होता जा रहा है। पिछले पांच साल में इस वर्ष सबसे कम चीनी उत्पादन हुआ है। गन्ना आयुक्त का कहना है कि मिलों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिला। गन्ने की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। गन्ने की बेहतर किश्म नहीं मिलने और लागत बढ़ने से किसानों का खेती से मोहभंग हो गया है। किसानों और चीनी मिल के प्रबंधकों का कहना है कि गन्ने में लाल सड़न की बीमारी लगने से चीनी का उत्पादन कम हुआ है। चीनी मिल प्रबंधन और गन्ना आयुक्त ने उत्पादन कम होने के जो कारण बताये हैं, वह सही हैं। इसके साथ ही मुख्य कारण किसानों का खेती से मोहभंग होना है। तराई के बड़े किसानों ने होटल, रिसाट्र्स, बैंक्वेट हाल, उद्योग आदि के लिए खेती की जमीन का उपयोग शुरू कर दिया है। करीब तीन दशक पूर्व होली के बाद भी खेत में गन्ना खड़ा होता था और किसान चीनी मिलों से पेराई सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते थे। चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य के भुगतान में देरी के बावजूद किसान गन्ने की फसल को सुविधाजनक मानते थे। सालभर में तैयार होने वाली गन्ने की फसल में अनाज की खेती से कम मेहनत होती है। मौसम का असर भी गेहूं, धान तथा अन्य खाद्यान्न की तुलना में कम होता है। गन्ने को नकदी फसल माना जाता है। तराई क्षेत्र में डिस्टीलरी होने से शराब बनाने में भी गन्ने का इस्तेमाल होता है। चीनी मिल अन्य उद्योग से ज्यादा लाभप्रद हैं। अपशिष्ट भी उपयोग में आ जाता है। गन्ने की पेराई करके रस से चीनी बनती है और बगास से कागज बनाया जाता है। शीरा से एल्कोहल बनता है, जिससे डिस्टीलरी में शराब का उत्पादन होता है। उत्तराखंड सरकार को तराई में उद्योगों के साथ कृषि को प्राथमिकता देने से ही संतुलित विकास होगा तथा भविष्य के लिए अर्थव्यवस्था सुरक्षित होगी।

# शहर में अभी भी गैस के लिए मारामारी

## ग्रामीण क्षेत्रों में अब पहुचने लग गए गैस सिलेंडर

नैनीताल
हमारे संवाददाता

शहर में गैस आपूर्ति की किल्लत के बीच बड़ी खबर सामने आयी है वह यह कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर पहुंचने लगे हैं जिससे ग्रामीण उपभोकताओं को काफी राहत मिलने लगी है लेकिन नैनीताल शहर और आसपास के इलाकों में गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा।

बता दें शुक्रवार को नैनीताल की तल्लीताल धर्मशाला और मल्लीताल डीएसए मैदान समेत कई स्थानों में गैस वितरण किया गया वहीं पटवाडांगर, आड़ूखान तथा देवीधूरा ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस की गाड़ी पहुंचने से लोगों को राहत मिली हालांकि सीमित संखया में सिलेंडर मौजूद होने के कारण एजेंसियों ने पुरानी बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी। इसके चलते कई ऐसे लोग जिन्होंने हाल ही में बुकिंग कराई थी बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौटने को मजबूर हो गए। स्थिति को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों से गैस की प्रतीक्षा के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।



## आफत:बाजपुर में घरेलू गैस की किल्लत बरकरार

**बाजपुर।** घरेलू गैस सिलिंडर की किल्लत बरकरार है। शुक्रवार को गैस एजेंसी पर सिलिंडर लेकर आए उपभोक्ताओं की भीड़ लग गई। एक व्यक्ति ने एजेंसी कार्यालय में घुसकर कर्मचारियों के साथ गालीगलौज करते हुए धक्का-मुक्की कर दी। इस दौरान कार्यालय में रखे कंप्यूटर सहित अन्य सामान गिरकर टूट गया जिस पर हंगामा हो गया। लोगों ने गैस सिलिंडर से भरे वाहन का ताला तोड़ने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। होम डिलीवरी से ही सिलिंडर वितरण किए गए। शुक्रवार को मंडी समिति परिसर स्थित गैस एजेंसी कार्यालय पर उपभोक्ताओं की भीड़ लग गई। इस बीच सिलिंडर से भरा एक वाहन भी पहुंच गया जिस पर उपभोक्ता सिलिंडर लेने के लिए उमड़ पड़े। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एजेंसी प्रबंधन ने सिलिंडर वितरण से मना कर दिया। प्रबंधन ने कहा कि मात्र होम डिलीवरी से ही सिलिंडर मिलेगा।

## चारधाम यात्रा के दौरान दुर्घटनाओं से निपटने के लिए दिया प्रशिक्षण

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा और मानसून सीजन में दुर्घटनाओं और आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ टीम ने पुलिस जवानों को बचाव और रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया। पुलिस लाइन ज्ञानसू में आयोजित प्रशिक्षण में पुलिस जवानों को ऐसे समय में त्वरित निर्णय लेने और टीम वर्क की जरूरी जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में एसडीआरएफ टीम की ओर से पुलिस लाइन के साथ सभी थाना कोतवाली में नियुक्त पुलिस अधिकारी व कर्मियों को आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में एसडीआरएफ की टीम ने जवानों को आपातकालीन स्थिति, सड़क दुर्घटनाओं, विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदाओं में त्वरित कार्यवाही और आपदा के दौरान स्थिति से निपटने की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने आपदा के समय उपकरणों के प्रयोग, प्राथमिक उपचार, सीपीआर एवं सेटेलाइट फोन के प्रशिक्षण और ब्लड कंट्रोल विधि का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। एसपी कमलेश उपाध्याय ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान कई बार दुर्घटनाएं सामने आती है।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में केंद्रीय मूल्यांकन कार्य प्रगति पर, कई पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य तेजी से जारी है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम क्रमवार घोषित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बीएलएस, डीवीके, एमएलएस, सीआईएन, सीएसएल, सीवीके, सीवाईएस तथा डीएमए सहित कई पाठ्यक्रमों के परिणाम 26 मार्च से 02 अप्रैल 2026 के बीच घोषित किए जा चुके हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि अन्य पाठ्यक्रमों के प्रायोगिक एवं केंद्रीय मूल्यांकन का कार्य पूर्ण होते ही उनके परिणाम भी चरणबद्ध तरीके से जारी किए जाएंगे।

इसी प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने एक विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम का समन्वयन प्रो. एम. एम. जोशी कर रहे हैं, जबकि प्रो. डी. एस. फर्सवान, डॉ. शशांक शुक्ल, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. प्रदीप पंत सहित अन्य शिक्षक एवं कार्मिक इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। गठित टीम का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय मूल्यांकन कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपादित करते हुए समय पर परीक्षा परिणाम घोषित कराना है, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि, विश्वविद्यालय में पारदर्शी एवं समयबद्ध परीक्षा प्रणाली हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष टीम के माध्यम से मूल्यांकन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र और सटीक परिणाम प्राप्त हो सकें। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन एवं परिणाम घोषणा की प्रक्रिया को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे छात्रों को समय पर शैक्षणिक प्रगति में सहायता मिल सके।

# फिल्मी दुनिया

## सुहागन बनाकर विदा करना' स्मिता पाटिल की आखिरी इच्छा



*दिग्गज अदाकारा स्मिता पाटिल का निधन 13 दिसंबर 1986 को महज 31 साल की उम्र में बच्चे के जन्म के बाद हुई जटिलताओं की वजह से हो गया था। मंडी, अर्थ और अर्ध सत्य जैसी शानदार फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से स्मिता पाटिल ने हिंदी सिनेमा में एक खास जगह बनाई। अब हाल ही में उनके मेकअप आर्टिस्ट दीपक सावंत का एक इंटरव्यू चर्चा में है, जिसमें उन्होंने स्मिता की एक बेहद इमोशनल कर देने वाली इच्छा के बारे में बताया। दीपक सावंत ने कहा कि स्मिता अक्सर कहती थीं- 'मुझे सुहागन बनाकर ही ले जाना।' वो ये बात अपनी मां से भी कहती थीं, और घरवाले उन्हें ऐसा बोलने पर डांटते थे। उन्होंने उस दर्दनाक पल को याद करते हुए बताया कि स्मिता के निधन के बाद उनकी बहन विदेश से आने वाली थीं, इसलिए 2-3 दिनों तक उनका पार्थिव शरीर बर्फ पर रखा गया था, जिससे वह सूज गया था।*

*उसी दौरान उनकी मां ने सबके सामने, जहां अमिताभ बच्चन समेत कई लोग मौजूद थे, दीपक को मेकअप किट देते हुए कहा कि उनकी आखिरी इच्छा थी कि उन्हें सुहागन की तरह विदा किया जाए। ये सुनकर दीपक सावंत रो पड़े और आंसुओं के बीच उन्होंने स्मिता का आखिरी मेकअप किया, उन्हें बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया।*

### एक्टिंग करियर

*करीब एक दशक के करियर में स्मिता पाटिल ने 80 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। उन्हें दो नेशनल अवॉर्ड, कई फिल्मफेयर पुरस्कार मिले और 1985 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। आज भी उनकी याद में फिल्म फेस्टिवल्स और कई सम्मान आयोजित किए जाते हैं, जो उनकी विरासत को जिंदा रखते हैं।*

# हाईकोर्ट ने सहमति से बने संबंध मामले में किशोर न्याय बोर्ड की कार्रवाई पर लगाई रोक

नैनीताल
हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने देहरादून के किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष लंबित जांच में आगे की कार्रवाई को अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह सुनने के बाद रोक लगाई कि आवेदक और पीड़िता दोनों लगभग 15 वर्ष के थे और लंबे समय से मित्र थे।

पीड़िता के पिता की ओर से याचिकाकर्ता पर उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के बाद याचिकाकर्ता के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया गया।न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने प्रस्तुत किया कि बीएनएसएस की धारा-180 के तहत दर्ज पीड़िता के बयान में उसने याचिकाकर्ता के साथ किसी भी शारीरिक संबंध से इन्कार किया है लेकिन स्वीकार किया कि वह पिछले चार वर्षों से मित्र थे हालांकि मजिस्ट्रेट के समक्ष बीएनएसएस की धारा-183 के तहत दर्ज बयान में उसने स्वीकार किया कि वह याचिकाकर्ता के घर गई उसे अपने घर बुलाया उसे अलमारी में छिपाया खाना दिया और बाद में स्वीकार किया कि सहमति से शारीरिक संबंध बनाए। चिकित्सकीय जांच में जबरन यौन संबंध का कोई सबूत नहीं मिला।

कोर्ट ने कहा कि पीड़िता और याचिककार्ता दोनों लगभग 15 वर्ष के किशोर थे और लंबे समय से मित्र थे। यह प्रस्तुत किया गया कि आवेदक को सुधार गृह में रखने का निर्देश देना उसके भविष्य की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। तर्क दिया कि आरोपों की प्रकृति और उसकी आयु के साथ उदारता बरती जा सकती है।याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से प्रस्तुत किए गए तर्कों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई तक देहरादून के किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष लंबित जांच पर रोक लगा दी।

News कॉर्नर

## इंस्पेक्टर मलिक व भट्ट बने डीएसपी

नैनीताल । उत्तराखंड पुलिस में कर्तव्यनिष्ठा और लंबी सेवा का सम्मान करते हुए जनपद नैनीताल में तैनात दो अनुभवी अधिकारियों को पदोन्नति मिली है। इंस्पेक्टर पद पर तैनात उमेश कुमार मलिक और वेद प्रकाश भट्ट को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी ने एक गरिमामयी पीपिंग सेरेमनी में दोनों अधिकारियों के कंधों पर यूपीएस बैच लगाकर उन्हें नए पद पर अलंकृत किया। एसएसपी ने दोनों अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य और नई जिममेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके अनुशासन तथा समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की।

## सट्टा लगाते व्यक्ति को पुलिस ने दबोचा, हजारों रुपये समेत सामग्री बरामद

हल्द्वानी। अवैध जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने टनकपुर चौराहा क्षेत्र में छापेमारी कर एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मौके से सट्टा पर्चियां, नकदी और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है।

उपनिरीक्षक कृष्ण गिरी अपनी पुलिस टीम के साथ दोपहर में गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मुखबिर ने सूचना दी कि श्मशान घाट के पास एक गली में ट्रांसफार्मर के नजदीक एक व्यक्ति सट्टा चला रहा है।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद अन्य लोग भाग निकले, लेकिन मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम राजू पुत्र दयाल राम, निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 12, राजपुरा बताया।

# मवेशियों के लिए चारा लाने गई महिला की वन्यजीव के हमले में मौत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भीमताल ब्लॉक के सूर्यागांव में मवेशियों के लिए चारा लेने गई महिला को वन्यजीव ने घर के पास से उठा ले गया। महिला का शव क्षत-विक्षत हालत में जंगल में पड़ा मिला।

नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक की ग्राम पंचायत सूर्यागांव के तोक सूर्याजाला में शुक्रवार की शाम मवेशियों के लिए जंगल चारा लेने जा रही एक महिला को घर के पास से वन्य जीव उठा ले गया। इस दौरान परिजनों ने काफी शोर मचाया लेकिन वन्य जीव महिला को जंगल की तरफ लेकर चला गया। शाम आठ बजे के करीब महिला का शव क्षत-विक्षत हालत में जंगल में पड़ा मिला।

जानकारी के अनुसार सूर्यागांव के तोक सूर्याजाला निवासी हंसी देवी (55) पत्नी लाल सिंह सूर्या शुक्रवार की शाम चार बजे चारा लेने के लिए जंगल जा रही थी। घर से कुछ दूरी पर घात लगाए बैठे वन्य जीव ने हंसी देवी पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। महिला को जंगल की तरफ ले जाता देख परिजन और ग्रामीण शोर मचाते हुए जंगल की ओर भागे। काफी देर खोजबीन के बाद महिला का शव जंगल में पड़ा मिला। घटना के बाद वन कर्मियों की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने वन विभाग के अधिकारियों को टीम भेजकर आदमखोर को पकड़ने के निर्देश दिए हैं साथ ही पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग देने की बात कही है।

### वन विभाग के खिलाफ जताई नाराजगी



*महिला अकेले जंगल में चारा लेने गई थी तभी महिला पर एक वन्य जीव ने हमला कर उसे मार दिया। विभाग की टीम मौके पर है। पिंजरा लगाने और ट्रैप कैमरे लगाने की कार्रवाई की जा रही है। हमला करना वाला जीव बाघ था या तेंदुआ इसका भी पता लगाया जा रहा है।*
*-आकाश गंगवार, डीएफओ, नैनीताल*

### पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे

डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि घटना के बाद वन कर्मियों की टीम क्षेत्र में पहुंच गई है। गांव में पिंजरा और ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है। ट्रैंकुलाइज के लिए डॉक्टर की टीम भी बुलाई गई है और वन कर्मियों की गश्त जारी है। उन्होंने लोगों से अकेले जंगल की ओर नहीं जाने और घरों से अकेले बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

# केदारनाथ में हुई बर्फबारी, उत्तराखंड में आज तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी

देहरादून
हमारे संवाददाता

22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। इससे पहले धाम में बर्फबारी से अद्भुत नजारा देखने को मिला। वहीं आज प्रदेश में तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी मौसम विभाग की ओर से जारी की गई है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में एक बार फिर शनिवार को तेज तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी है। वहीं केदारनाथ धाम में कल से बर्फबारी का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को धाम के कपाट खुलने हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बिजली चमकने और ओलावृष्टि के अलावा 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में एक बार फिर शनिवार को तेज तूफान और ओलावृष्टि



की चेतावनी है। वहीं केदारनाथ धाम में कल से बर्फबारी का सिलसिला जारी है। 22 अप्रैल को धाम के कपाट खुलने हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बिजली चमकने और ओलावृष्टि के अलावा 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों की बात करें तो नौ अप्रैल तक प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदला रहने के आसार हैं। उधर, शुक्रवार को भी बादल छाए रहने और हवा के चलने से मैदानों का तापमान सामान्य रहा, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

# आज व कल के लिए पुलिस ने बनाया विशेष ट्रैफिक प्लान

नैनीताल
हमारे संवाददाता

**फैसला**
- कैंची धाम, भवाली व भीमताल में बढ़ते यातायात दबाव को लेकर लिया फैसला

वीकेंड के दौरान कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक और डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था प्रत्येक शनिवार और रविवार को प्रभावी रहेगी जिससे यात्रियों को जाम से राहत मिल सके।

पुलिस की ओर से जारी जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा और रानीखेत की ओर से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़ और मुक्तेश्वर के रास्ते भेजा जाएगा। वहीं हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवाओं के भारी वाहन अपने निर्धारित मार्ग से ही संचालित होंगे जबकि अन्य भारी वाहनों को यातायात दबाव के अनुसार मस्जिद तिराहा भवाली से पहले रोका जा सकता है या उन्हें रामगढ़ व खुटानी मार्ग से भेजा जाएगा। पर्यटकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। बाहरी जनपदों और राज्यों से आने वाले पर्यटक यदि अपने निजी वाहनों से भीमताल के रास्ते कैंची धाम जाना चाहते हैंए तो उनके वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। यहां से यात्रियों को शटल सेवा के माध्यम से भवाली और कैंची धाम तक पहुंचाया जाएगा। इसी तरह गेठिया या नैनीताल मार्ग से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा जहां से शटल सेवा के जरिए मंदिर तक भेजा जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने सभी पर्यटकों तथा वाहन चालकों और आमजन से अपील की है कि वीकेंड के दौरान जारी इस ट्रैफिक प्लान का पालन करें ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित बनी रहे।

# जिलाधिकारी ने की रबी फसल की क्रॉप कटिंग

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आज हल्द्वानी तहसील के ग्राम हरिपुरा तुलाराम राजस्व गांव में रबी की फसल में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराया संपन्न।

जिलाधिकारी द्वारा किसान नागेंद्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के प्लाट पर जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी पर फसल कटाई प्रयोग किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों द्वारा उत्पादित की जा रही फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने स्थानीय कृषकों को फसल क्षति से होने वाली हानि से बचने के लिए फसल बीमा कराने हेतु परामर्श दिया।

मौके पर जिलाधिकारी द्वारा फसल कटाई की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्रॉप कटिंग कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपादित किया जाए, जिससे फसल उत्पादन का सही आकलन सुनिश्चित हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन के वैज्ञानिक एवं वास्तविक आकलन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से प्रति हेक्टेयर उपज का सटीक आंकलन प्राप्त होता है, जो शासन द्वारा समर्थन मूल्य निर्धारण, खाद्यान्न खरीद एवं विभिन्न कृषि योजनाओं के संचालन में सहायक होता है।

साथ ही, यह प्रक्रिया के अंतर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति (बीमा दावा) प्रदान करने का आधार भी बनती है।
इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, कानूनगो बृजेश कुमार, राजस्व उप निरीक्षक अरुण वर्मा, अपर सांख्यिकी अधिकारी महेन्द्र सिंह डांगी एवं मीना नेगी तथा बीमा कंपनी एजेंट हेम सिंह नेगी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



## शिक्षक त्रिलोक सिंह अधिकारी का शैलेश मटियानी पुरस्कार के लिए हुआ चयन

अल्मोड़ा। विकास खंड के राजकीय जूनियर हाईस्कूल गवाड़ में प्रभारी प्रधानाध्यापक त्रिलोक सिंह अधिकारी का शैलेश मटियानी पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। दुर्गम क्षेत्र के इस विद्यालय में वह बच्चों का भविष्य संवार रहे। सबसे अहम बात ये है कि वह अपनी तनख्वाह का एक बड़ा हिस्सा विद्यार्थियों पर ही खर्च कर देते हैं। आज जहां अधिकांश शिक्षक सुगम में सेवा देना चाहते है वहीं त्रिलोक सिंह अधिकारी ने दुर्गम क्षेत्र के स्कूल को सेवा के लिए चुना।

# गौला बैराज में कूदे बुजुर्ग का सकुशल रेस्क्यू, पुलिस की तत्परता से टली अनहोनी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बीती देर शाम एक बड़ी अनहोनी उस समय टल गई जब गौला बैराज, काठगोदाम में एक बुजुर्ग व्यक्ति के कूदने की सूचना पर जल पुलिस और स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हे0का0 जल पुलिस प्रताप गड़िया को कॉलर दीपक भण्डारी द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति बैराज में कूद गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद उक्त व्यक्ति को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोहन चन्द्र उपाध्याय ( 80 वर्ष), निवासी गंगाविहार, कुसुमखेड़ा बताया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही उनके पुत्र यत्तीश उपाध्याय और ममता उपाध्याय मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मोहन चन्द्र उपाध्याय डिप्रेशन से ग्रसित हैं और उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बुजुर्ग को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की मुस्तैदी और स्थानीय सहयोग से एक बड़ा हादसा टल गया।

# केवट प्रसंग व राम भरत मिलाप ने सभी को किया भावविभोर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल काठगोदाम में आयोजित महिला रामलीला के पांचवें दिन केवट प्रसंग व राम भरत मिलाप ने सभी की आंखे भिगो दी

यहां डायरेक्टर मुकेश कुमार जोशी निर्देशन व मोहन चन्द्र जोशी संगीत निर्देशन में व कुश पांडे ने तबला वादक का विभाग सम्भाला है। कलाकारों ने गंगा तट पर केवट द्वारा प्रभु श्रीराम, सीता और लक्ष्मण को नाव में बैठाकर नदी पार कराने के दृश्य को जीवंत किया। केवट द्वारा राम के चरण धोने और राम नाम की महिमा का गुणगान करने का दृश्य भक्तों को भावविभोर कर देता है।



दशरथ मरण और सुमंत्र की वापसी= सुमंत को वन से अकेला वापस अयोध्या लौटते देख राजा दशरथ अत्यंत दुखी हो जाते हैं। वनवास के वियोग में राजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं, जिसे दशरथ मरण या दशरथ वियोग के रूप में दिखाया।

भरत-केवट संवाद (भरत केवट मिलन)= निषादराज और भरत के बीच केवट संवाद का मंचन किया जाता है, जहाँ भरत को राम के वन गमन का समाचार मिलता है। राम-भरत मिलाप (चित्रकूट)- रामलीला का सबसे भावुक दृश्य भरत-मिलाप होता है। भरत, शत्रुघ्न, माताएं और गुरु वशिष्ठ चित्रकूट में राम से मिलते हैं। भरत द्वारा श्रीराम को वापस अयोध्या चलने का आग्रह करना और राम द्वारा वनवास के निर्णय पर अडिग रहने का मंचन किया जाता है।चरण पादुका संवाद= भरत राम से उनकी चरण पादुकाएं (खड़ाऊं) मांगते हैं और राम के लौटने तक ख ?ाऊं को सिंहासन पर रखकर संन्यासी की तरह राज्य संभालने का वचन देते हैं।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष तनुजा जोशी ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण व उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए महिला रामलीला एक बेहतरीन माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि राम के आदर्शों में चलने के लिए हमे रामकाज में सहयोग करना चाहिए।